
## नेशनल स्तर की प्रतियोगिता में डीएवी के बच्चों का शानदार प्रदर्शन




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा के बच्चों ने डीएवी नेशनल स्तर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रौशन किया। इस नेशनल स्तर प्रतियोगिता में विद्यालय के 19 बच्चे चयनित हुए थे। डीएवी नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता डीएवी पब्लिक स्कूल साहिबाबाद गाजियाबाद में आयोजित हुई थी। इस प्रतियोगिता में पूरे देश के डीएवी विद्यालयों के एथलीट खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं के पृथ्वीराज यादव ने अंडर-14 बालक वर्ग के 800 मीटर की रेस में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं पर प्रीति कुमारी कक्षा आठवीं ने अंडर-19 बालिका वर्ग की 1500 मीटर रेस में और 800 मीटर रेस की दोनों प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल प्राप्त कर नेशनल स्तर पर अपनी पहचान बनायी। प्रीति कुमारी को बेस्ट एथलीट्स के खिताब से नवाजा गया। इसके अलावा डीएवी नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन डीएवी पब्लिक स्कूल पानीपत हरियाणा में हुआ था। इस प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं के नव निर्मल ओझा ने अंडर- 14 सत्तावन केजी भार में ब्रोंज मेडल एवं हर्षित पाठक अंडर -19 अठहत्तर केजी भार में ब्रोंज मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रौशन किया। बच्चों की इस सफलता पर डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड जोन एफ के क्षेत्रीय निदेशक सह प्राचार्य अग्रसेन डीएवी पब्लिक स्कूल भरेचनगर रामगढ़ निशिकांत कर ने बच्चों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने विद्यालय की प्रातः कालीन सभा में सभी बच्चों और शिक्षकों की गौरवमयी उपस्थिति में नेशनल स्तर पर सफलता प्राप्त करने वाले बच्चों को माला पहनाकर स्वागत और अभिनंदन किया।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में वरीय पदाधिकारियों और सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। उपायुक्त ने 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर की जाने वाली तैयारियों की जानकारी संबंधित पदाधिकारियों से लिये और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि कोडरमा जिले में स्थित सभी महापुरुषों की प्रतिमा का विशेष रूप से साफ-सफाई करवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही मुख्य समारोह स्थल तक जाने वाले सभी मार्गों और पूरे शहर की साफ-सफाई भी सुनिश्चित कराएंगे। विभिन्न क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा, इस हेतु सभी कार्यालय प्रदान को अपने अपने कार्यालय से सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी सुरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुमंत तिर्की, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय, जिला शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# पिता तुम्हारे भगवान, देना होगा गुजारा भत्ताः हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने अपने एक फैसले में आदेश दिया है कि बेटे को हरहाल में अपने बुजुर्ग पिता को गुजारे के लिए रकम देनी होगी। हाइकोर्ट ने परिवार अदालत के उस फेसले पर मुहर लगायी, जिसमें बेटे को आदेश दिया गया था कि उसे अपने पिता को हर महीने 3000 रुपये बतौर भरण-पोषण देने होंगे। इस फैसले के खिलाफ मनोज नाम के शख्स ने हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अपने इस फैसले में अदालत ने कई महत्वपूर्ण बातें कही हैं। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि यदि आपके माता-पिता आश्वस्त हैं, तो आप भी आश्वस्त महसूस करते हैं, यदि वे दुखी हैं, तो भी आप दुखी महसूस करेंगे। आपको अपने माता-पिता की अच्छाई और




बुराई दोनों विरासत में मिलती है और एक व्यक्ति पर जन्म लेने के कारण कुछ ऋण होते हैं, जिसमें पिता और माता का ऋण भी शामिल होता है, जिसे हमें चुकाना होता है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुभास चांद की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। दरअसल, कोडरमा की परिवार अदालत ने एक व्यक्ति को उसके पिता को 3000 रुपये का मासिक गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था, जिसके खिलाफ मनोज नाम के व्यक्ति ने हाइकोर्ट में अपील दाखिल की थी। सुनवाई में अदालत को यह बताया गया कि पिता के पास कुछ कृषि योग्य भूमि है, फिर भी वह उस पर खेती करने में सक्षम नहीं हैं। वह अपने बड़े बेटे प्रदीप कुमार साव पर भी निर्भर है, जिसके साथ वह रहता है। पिता ने पूरी संपत्ति में अपने छोटे बेटे मनोज साव को बराबर-बराबर हिस्सा दिया है, लेकिन 15 साल से अधिक समय से उनका भरण-पोषण उनके छोटे बेटे ने नहीं किया है। पिता ने अदालत को बताया कि मनोज कुमार गांव में एक दुकान चलाता है, जिससे उसे प्रति माह 50,000 रुपये की कमायी होती है इसके अलावा कृषि भूमि से उसे प्रति वर्ष 2,00,000 रुपये की अतिरिक्त आय होती है। इस पर परिवार अदालत ने छोटे बेटे को अपने पिता को 3000 रुपए हर महीने देने का आदेश दिया।

# मारपीट से गर्भवती महिला की हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत कदमा के नवांटांड में दो पक्षों के बीच जमीन विवाद में हुए मारपीट के कारण एक गर्भवती महिला की मौत हो गयी। मृतक महिला कंचन देवी जिसका मायका टाटीझरिया था। महिला की 2011 में शादी कटकमदाग थाना क्षेत्र के कदमा नवांटांड निवासी दिलीप कुमार साव से हुई थी। मृतिका के 2 बच्चे है। मृतक महिला के पति दिलीप साव ने बताया कि 11 जनवरी की रात में बड़े भाई के साथ आपसी जमीन विवाद में हो हल्ला होने के बाद हमारे साथ मारपीट हो रहा था तथा हमारे भैया, भाभी और उनके दो बच्चे हमारे साथ मारपीट कर रहे थे। मुझे मारता देख मेरी पत्नी मुझे बचाने के लिए आयी तभी हमारे पिताजी ने हमें पकड़ लिया तथा भाई और भाभी ने हमारी गर्भवती पत्नी के साथ मार पीट किया। पत्नी



को बेसुध पड़ा देखकर उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे ही थे की एंबुलेंस से निकालते ही पत्नी की मौत हो। थाने में आवेदन देकर मृतक के पति दिलीप कुमार साव ने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी कर सजा देने की गुहार लगायी है। इस संबंध में कटकमदाग थाना प्रभारी डीके प्रजापति ने कहा की पुलिस जांच में जुट गयी है तथा आरोपीयों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## प्रशिक्षु डीएसपी प्रशांत ने संभाला इचाक थाना का प्रभार

**क्राइम कंट्रोल के साथ क्षेत्र में शांति बहाल रखना मेरी पहली प्राथमिकताः प्रशांत कुमार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** प्रशिक्षु डीएसपी प्रशांत कुमार ने शनिवार को इचाक थाना का प्रभार एसआइ धनंजय सिंह से ग्रहण किया। इस दौरान प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी ने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच समन्वय से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। इंसाफ के लिए थाना में आए हर फरियादी की उम्मीद पर खरा उतरने का कोशिश करूंगा। इचाक थाना क्षेत्र को अपराध व नशा मुक्त बनाने में पुलिस की महती भूमिका रहेगी। इसके साथ ही क्षेत्र में शांति



बहाल रखने का हर संभव प्रयास करूंगा। लोगों से कानून का पालन करने का अपील करते हुए प्रशांत कुमार ने कहा की अवैध कारोबार में शामिल लोग स्वतः काम छोड़ दे और समाज के मुख्यधारा से जुड़ जायें। अन्यथा उन्हें चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। नशा और अपराध मुक्त क्षेत्र बनाने में पुलिस की जो सक्रियता होती है उसे पूरी टीम के साथ कार्य करके शांति कायम रखने का काम इचाक पुलिस करेगी।

## प्रशिक्षु डीएसपी ने लिया दारू थाना का प्रभार



**दारू (आजाद सिपाही)। प्रशिक्षु डीएसपी पूजा कुमारी ने दारू थाना प्रभारी का प्रभार शनिवार को ग्रहण की। इन्हें निवर्तमान थाना प्रभारी अमीत कुमार ने बुके देकर स्वागत किया और प्रभार सौंपा। प्रशिक्षु डीएसपी दो माह के लिए दारू थाना में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। प्रभारी प्रशिक्षु 7 जेपीएससी बैच की है। थाना प्रभारी का प्रभार लेने के बाद प्रशिक्षु डीएसपी ने निवर्तमान थाना प्रभारी अमीत कुमार के साथ दारू थाना क्षेत्र का दौरा की।**

# बहुचर्चित हत्याकांड के अभियुक्तों की बेल खारिज, सभी फरार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले मुख्यालय स्थित जलवाबाद में गत सितंबर माह में हुये 8 वर्षीय बालक अब्दुस समद उर्फ अलसमद को अगवा कर निर्मम हत्या के बहुचर्चित मामले में एडीजे 1 गुलाम हैदर की अदालत ने केस की गंभीरता को देखते हुये हत्यारोपी दो अभियुक्तों का बेल खारिज कर दिया। ज्ञात हो कि गत 14 सितंबर को मामा की दुश्मनी में जलवाबाद निवासी रिजवान अहमद उर्फ सिंटू कसाई के पुत्र अबुबसर उर्फ राहिल और इरशाद आलम के नाबालिग पुत्र के द्वारा 8 वर्षीय बालक अलसमद का अपहरण कर गला दबा कर निर्मम हत्या कर दिया था।

**पुलिस डायरी में मिले कई**

### गूगल की सर्च हिस्ट्री ने खोले कई राज

**गिरफ्तार अभियुक्तों से टेक्निकल सेल ने जब इनके पास से जब्त मोबाइल की गूगल और यूट्यूब की सर्च हिस्ट्री खंगाली तो अभियुक्तों की मंशा स्पष्ट हुई। मासूम बच्चे की हत्या करने के कुछ दिन पहले ही दोनों ने यूट्यूब पर खूनी तस्वीर, किडनैपिंग सीआइडी, मिनी गन, हाउ टू ब्लाक वाइस, किसी को मैसेज करें और अपना नंबर न आये, किसी को फेक नंबर से कॉल कैसे करें, वाई टू सेकंड सिम नाट सेविंग नेटवर्क, हत्या कर साक्ष्य कैसे छुपाएं जैसे सर्च किये थे। वहीं कांड के अभियुक्त और उसके पिता मो. रिजवान उर्फ सिंटू कसाई के जब्त मोबाइल में एक दर्जन के करीब इमेल एकाउंट भी मिले हैं, जो फर्जी नामों के बने हैं और पिता पुत्र में घटना के दिन से शव मिलने तक कई बार बात हुई, जबकि दोनों का लोकेशन एक ही जगह है।**

**साक्ष्यः** पुलिस के द्वार अभियुक्तों से पूछताछ में सारे राज उगल दिये। कोडरमा थाने में पुलिस के समक्ष और चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के समक्ष दिये बयान में दोनों अभियुक्तों ने हत्या की बात स्वीकारते हुए कहा कि कुछ माह पहले उनके घर के समीप एक मदरसे में करीब एक लाख तीस हजार रुपये की चोरी की थी, जिसके उद्भेदन में मृतक बालक अलसमद के मामा ने अहम भूमिका निभायी थी। चोरी के पैसे उसने लौटा दिये पर परिवार की बदनामी हुई थी। इसी को लेकर बदले की भावना से उसने इनके भांजे अलसमद की हत्या की थी।

# सज-धज कर तैयार है सूर्यकुंड, तैयारी का जायजा लेने पहुंची एसडीओ

अनिल बर्णवाल

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** झारखंड पर्यटन में श्रेणी ए कहे जाने वाला प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटक स्थल सूर्यकुंड में मकर संक्रान्ति के अवसर पर 14 जनवरी से पंद्रह दिवसीय मेला लगेगा। मेला पुरी तरह सज धज कर तैयार हो गया है। 14 जनवरी को केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, झारखंड सरकार के मंत्री बेबी देवी और बरकट्ठा विधायक सूर्यकुंड मेला का उद्घाटन करेंगे। मेला तैयारी का जायजा लेने बरही एसडीओ पूनम कुजूर, बीडीओ रेशमा डुंगडुंग, अंचलाधिकारी श्रीकांत लाल मांझी, गोरहर थाना प्रभारी शशि



भूषण, बरकट्ठा थाना प्रभारी गौतम कुमार पहुंचे। मेला को लेकर एसडीओ पूनम कुजूर ने मेला ठीकेदार पांच पांडव कमेटी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मेला में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसका विशेष ध्यान रखें। सुरजकुंड मेला में झूला, थियेटर, मां वैष्णो देवी का गुफा और मौत का कुआं विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र बनेगा।

जानकारी हो कि झारखंड पर्यटन विभाग को प्रत्येक वर्ष सुरजकुंड मेला से लाखों रूपये राजस्व मिलता है, इसके बावजूद यहां शुद्ध पेयजल आज भी गंभीर समस्या बनी हुई। मौके पर श्यामा पांडेय,बिजय नायक, संजय पांडेय, अमित पांडेय, संजय साव, सुरेश पांडेय समेत कई लोग उपस्थित थे।

## पोर्टल के माध्यम से आमजनों की समस्या का हो रहा समाधान

**कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के विभिन्न प्रखंडों के सुदूरवर्ती क्षेत्रों और गांवो से लोग अपनी फरियाद लेकर उपायुक्त के जनता दरबार में आते हैं। वैसे तो जनता दरबार प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार व शुक्रवार को लगाया जाता है, बावजूद सप्ताह के प्रत्येक दिन उपायुक्त महोदया आमजनों की समस्या से रूबरू होती हैं। लेकिन एक समय था जब उपायुक्त द्वारा आमजनों की शिकायतों पर निस्तारण के लिए पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता था लेकिन उनके शिकायतों के निस्पादन की ट्रैकिंग नहीं हो पाती थी, समय पर मामले के निस्पादन नहीं हो पाता था, कौन सा आवेदन किस कार्यालय में लंबित है, पता नहीं चल पाता था, आमजनों को भी उनकी समस्या पर हुई कार्रवाई का पता नहीं चल पाता था, जिससे काफी परेशानी होती थी। इसी को देखते हुए उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा आमजनों के समस्याओं का त्वरित गति से निस्पादन और मॉनिटरिंग के लिए कोडरमाडीएम.इन पोर्टल बनाया गया है।**

## बोधि बागी मैदान में आयोजित शहीद मेले को लेकर हुई बैठक

# मेले को ऐतिहासिक बनाने का लिया गया निर्णय

**20 को मेला कमेटी की होगी पुनः बैठक, सभी बिंदुओं पर होगी चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** प्रखंड के बोधि बागी मैदान में 26 जनवरी से आयोजित शहीदों के याद में आयोजित मेले को ऐतिहासिक बनाने को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बोधि बागी मैदान में आयोजित कारगिल शहीद रघुवीर मेहता और शहिद राजेश मिंज के साथ 50 क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर आयोजित मेले को कैसे सफल बनाया जायें इस पर विस्तृत चर्चा हुई। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन शहीद के याद और सम्मान में मेले का आयोजन होगा, यह मेला पांच दिनों तक चलेगा। मेले के सफल संचालन के लिए एक मेला कमेटी का भी गठन किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने अपना अपना विचार रखा। मेले के प्रचार प्रसार के लिए गांव गांव बैठक, अनाउंसमेंट और हैंडविल बांटने का निर्णय लिया गया। उद्घाटन को भव्य बनाने के लिए भी विशेष तैयारी करने की बात कही गयी थी। मेले उद्घाटन के अवसर पर शहीद के परिजन, स्वतंत्रता सेनानी और उनके परिजन को भी सम्मानित किया जायेगा। शहीदों के नाम पर मेले में शहीदों की तस्वीर, शहीद के परिजन को अंगवस्त्र और मोमेंटो से सम्मानित करने की



बात हुई। मेले को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए उद्घाटन के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम करने की बात हुई। पहले दिन कॉलेज के छात्र छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे, जबकि दूसरे दिन निजी स्कूल के छात्र छात्राएं अपना परफॉर्मेंस दिखायेंगे, वहीं तीसरे दिन सरकारी स्कूल के विद्यार्थी अपना प्रस्तुति देंगे। मेले को आकर्षक बनाने के लिए पशु बेचने वालों को भी आने को आमंत्रित किया जायेगा। साथ ही किसानों को सम्मानित भी किया जायेगा। इसके अलावा स्वैक्षिक रक्तदान शिविर लगाने और जागरूकता कैंप लगाने की भी बात हुई। मेला कमेटी ने 20 जनवरी दिन शनिवार को बोधि बागी मैदान में बैठक करने की बात कही, जिसमे सभी जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दल के नेता, और क्षेत्र के समाजसेवी और युवाओं को विशेष आमंत्रित किया जायेगा। बैठक में जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता, बीडीओ संतोष कुमार भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, दिगंबर कुमार मेहता, सचिदानंद अग्रवाल, भागवत मेहता, हरिहर मेहता, सुभाष सोनी, जयनंदन मेहता, मुनेंद्र मेहता, राजीव आनंद, संगीता देवी, सुनील मेहता, इंद्रदेव मेहता, सुनील तलवार, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मेहता, कांग्रेस के मनोज मेहता, अशोक ठाकुर, दिनेश मेहता, ओबीसी मोर्चा के जीतेश्वर मेहता, जोधन मेहता, एम एस हाई स्कूल के निदेशक मधुसूदन मेहता, मेघनाथ मेहता, पंसस रेनू देवी, अनिल मेहता, प्रेम नाथ मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बिरसा किसान रथ को किया गया रवाना



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बिरसा किसान रथ का परिचालन प्रखंडो और पंचायतो में किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को इचाक प्रखंड कार्यालय परिसर से पंचायतो के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, अंचल अधिकारी मनोज महथा, उपप्रमुख सतेन्द्र मेहता, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत मेहता के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिसमे अंचल निरीक्षक नवलेश सिंह, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी नकुल मोदी, बीपीओ राजीव आनंद, प्रखंड कृषि पदाधिकारी बिनोद कुमार रवि, बीटीएम पुष्पा कुमारी, कृषक मित्र दिगम्बर मेहता आदि उपस्थित थे। इस रथ का उदेश्य किसानों के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग के द्वारा चलायी जा रही कल्याण कारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करना जिससे कृषकों को जानकारी सुगमता से मिल सके। मौके पर बीस सूत्री सदस्य राम प्रवेश सिंह, मनरेगा लेखा लिपिक रामचंद्र यादव, नागेश्वर मेहता आदि उपस्थित थे।

## अंबा प्रसाद ने अधिकारी से मिलकर बिजली समस्या पर चर्चा की



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** विधायक अंबा प्रसाद ने केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में हो रही बिजली की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारी से मिलाकर चर्चा की। विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा विधानसभा में मामला उठाने के बाद गर्री खुर्द में बनने वाले विद्युत सब स्टेशन की प्रक्रिया में तेजी आयी है और सिर्फ ग्राम सभा से स्वीकृति शेष है। शुक्रवार को हजारीबाग विद्युत विभाग पहुंचकर विद्युत सब स्टेशन का निर्माण को लेकर विधायक अंबा प्रसाद ने वर्तमान स्थिति का जानकारी लिया। इस दौरान विधायक ने क्षेत्र के जर्जर पड़े विद्युत तारों को बदलने हेतु निर्देश दिया तथा जले हुए ट्रांसफार्मर की बदली स समय करने हेतु विभाग को निर्देशित किया गया। विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के बारियातू में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर और बेला पेटो में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया।

## यूपीएससी की परीक्षा में विनय को मिली सफलता



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बादम के बाबूपारा निवासी शिक्षक विनय कुमार के पुत्र प्रभात प्रियदर्शी ने यूपीएससी द्वारा आयोजित जीएसआइ की परीक्षा में 166 वा रैंक हासिल सफलता अर्जित की है। इन्हें भू वैज्ञानिक के पद पर दो माह बाद नियुक्त किया जायेगा। प्रभात को माता-पिता और भाई बहनों ने मीठा खिलाकर बधाई दिया। प्रभात के बड़े भाई प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रभात प्रियदर्शी होनहार और दृढ़ संकल्पित विद्यार्थी रहा है। जिसकी प्राथमिक शिक्षा अपने गांव के विद्यालय शांति निकेतन स्कूल बाबुपारा से ही हुआ। इन्होंने प्रांम्भिक, मुख्य और साक्षात्कार तीनों चरणों में सफलता हासिल करके 166 रैंक हासिल की है। प्रभात अपने सफलता का श्रेय अपने माता प्रेमलता देवी, पिता विनय कुमार दास, भाईयों प्रवीण प्रियदर्शी प्रणव प्रियदर्शी और गुरुजनों को दिया है। इन्हें सफलता हासिल होने पर क्षेत्र के विधायक अंबा प्रसाद, आजसू पार्टी के बड़गांव विधानसभा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी, प्रमुख फुलवा देवी, मुखिया सुनीता देवी, पूर्व मुखिया दीपक दास, पंचायत समिति सदस्य रमणिका कुमारी, संतोष मेहता, आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, गुड्डू खान, जमाल सगीर, मोहम्मद ओबेदुल्ला, मोहम्मद अहमद उल्लाह ने बधाई दी है।

## मकर संक्रांति 15 जनवरी को



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** मकर संक्रांति हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है इस दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आचार्य पुरेंद्र ने कहा कि यह त्योहार जनवरी माह के चौदहवें या पन्द्रहवें दिन ही पड़ता है यानी अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार मकर संक्रांति का पर्व 14 या 15 जनवरी को मनाया जाता है यह इस बात पर निर्भर करता है कि सूर्य देव धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश कर रहे हैं इसलिए 15 जनवरी को मकर संक्रांति मनाया जा रहा है। ज्योतिष गणनाओं के अनुसार इस साल 15 जनवरी को सूर्य देव 9:13 मिनट पर धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे इसलिए 15 जनवरी को मकर संक्रांति मनायी जायेगी, इस अवसर पर शुभ मुहूर्त किस प्रकार रहेगा मकर संक्रांति पुण्य काल प्रात 7:15 से 6:30 तक रहेगा, मकर संक्रांति का पूर्ण काल 7:15 से 9:06 तक रहेगा। मकर संक्रांति के अवसर पर किसी पवित्र नदी में गंगा में स्नान कर दान करने की परंपरा है यह दिन गंगा नदी में स्नान के बाद दान करने से लोक और परलोक दोनों सुधर जाते हैं साथ ही पिछले जन्म के बुरे कर्मों से निजात मिलती है और जीवन सुखमय होता है। मकर संक्रांति पर स्नान के बाद काला तिल गुड़ लाल चंदन लाल फूल अक्षत मिश्रित जल से शुरू को नमस्कार कर जल अर्पित करें साथ में सूर्य देव का मंत्र का जाप करें अतः आप सभी सनातनियों से आग्रह होगा कि प्रातः काल स्नान करें और यथाशक्ति तथा यथा समर्थ दान कर अपने जीवन को सफल बनायें।

## अफीम के पौधे को पुलिस ने किया नष्ट

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** एसपी अरविंद कुमार सिंह के निर्देश पर बरही एसडीपीओ नाजीर अख्तर और विष्णुगढ़ एसडीपीओ अनुज उरॉव के नेतृत्व में अवैध अफीम की खेती एवं अफीम की खरीद-बिकी पर रोक-थाम हेतु एक सुंयुक्त छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें सीआरपीएफ-22 बटालियन टंडवा के सहायक समादेष्टा, निरंजन कुमार सिंह, वन विभाग के एसीएफ एके परमार, आर एफ ओ सत्येन्द्र कुमार चौधरी, रेंजर कमलेश कुमार सिंह, आर एफ ओ राम बाबू, थाना प्रभारी शंभू नंद ईश्वर, थाना प्रभारी, सीआरपीएफ-22 बटालियन के जवान और थाना के रिर्जव गार्ड के जवान शामिल थे। छापामारी दल ने चौपारण थानान्तर्गत ग्राम ढोढ़िया और दुरागड़ा में लगभग 90 से 100 एकड़ वन क्षेत्र भूमि पर लगे अफीम को एक दर्जन से अधिक ट्रैक्टर लगाकर सम्पूर्ण नष्ट किया गया।

## बीडीओ ने बिरसा किसान रथ को किया रवाना

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने शनिवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर से बिरसा किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना कियो कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) की ओर से शनिवार को बिरसा किसान रथ प्रखंड के बिभिन्न पंचायतों का भ्रमण करेगा। साथ ही सरकार द्वारा किसानी के लिये चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जायेगो जबकि मृदा स्वास्थ्य, जैविक खेती, जल प्रबंधन, बीज उपचार, यांत्रिकरण, किसान क्रेडिट कार्ड बितरण के साथ मछली पालन को लेकर किसानों को जागरूक किया जायेगो मौके पर बीडीओ अमित कुमार बीएओ अनुज कुमार बीपीओ सुमन कुमार शर्मा,विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव के अलावे कई मौजूद थे।

## छापेमारी अभियान में बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त



**चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर अवैध खनन परिवहन और भंडारण करने वालों के विरुद्ध खनन विभाग जिले में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। खान निरीक्षक राजेश हांसदा ने बताया कि जिले में अवैध खनन परिवहन और भंडारण करने वालों के विरुद्ध जिला स्तरीय टास्क फोर्स, अनुमंडल स्तरीय टास्क फोर्स और अंचल स्तरीय टीम द्वारा छापेमारी अभियान लगातार चलाया जा रहा है। किसी भी सूरत में अवैध खनन में संलिप्त लोगों को बख्शा नहीं जायेगा। आज सदर थाना क्षेत्र के जोरी मुख्य मार्ग संघरी घाटी पुल के पास दो बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस बल के सहयोग से पकड़ा गया। दोनों ट्रैक्टरों में सौ-सौ सीएफटी बालू लदा पाया गया। पकड़े गये दो ट्रैक्टर में एक ट्रैक्टर का निबंधन और डाला नंबर अंकित नहीं है। वाहन चालक अरुण कुमार भुईयां और दिलीप भुईयां दोनों चालकों को सदर थाना को सुपूर्द कर दिया गया और दोनों वाहनों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## सीआरपीएफ ने लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जोलडीहा पंचायत अंतर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सलवत में शनिवार को सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत घरेलू सामान वितरण और मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डी 190वाहिनी केंद्रीय रिजर्व बल के कमांडेंट मनोज कुमार के निर्देशानुसार जगत आनंद सुरीन मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी और उप कमांडमेंट श्री राम भरोसे की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस मौके पर जोलडीहा पंचायत के अंतर्गत आने वाले कुरखेता, सालवत, करामो, कदल गोरी, सुरहुद, नवाडीह इत्यादि गांवो के करीब 350 व्यक्तियों के बीच साड़ी, सीनटेक्स, प्लास्टिक तीरपाल, सोलर लाइट, कड़ाही, आम और नींबू के पौधे, नोटबुक, पेंसिल, बॉल पेन, खेलने के लिए फुटबाल, वॉलीबॉल और नेट इत्यादि सामान मुफ्त में वितरण किया गया। इसके अलवा नि:शुल्क चिकित्सा जांच, तथा मुफ्त में दवा वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में डी 190 बी के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी जगत आनंद सुरीन, उप कमांडेड श्रीराम भरोसे, समवाय अधिकारी निरीक्षक आर एन पाठक, अमृता पांडे, उप निरीक्षक देसाई प्रताप दाताराम, मनोज कुमार, हवलदार राजेंद्र कुमार, अश्विनी कुमार, राजेश कुमार तथा जोलडीहा पंचायत के मुखिया सोनिया देवी, प्रवीण कुमार मिश्रा, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय नोनिया सालवत के प्रभारी महेंद्र यादव तथा आसपास के गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थें।

## वन विभाग ने चलाया पोस्ता खेती उन्मूलन अभियान

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज प्रभारी वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभुषण कुमार के निर्देश पर शनिवार को पोस्ता खेती उन्नमूलन अभियान चलाया गया। हंटरगंज प्रक्षेत्र के अंतर्गत रजवार वन भूमि और गैर वन भूमि के अंदर अवैध रुप से लगाये गये लगभग 02 एकड़ में पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर की सहायता से जोत कर विनिष्ट किया गया, तथा पोस्ता की खेती करने वाले लोगों चिन्हित कर उनस विरुद्ध कानूनी कार्वाई की जा रही है। प्रभारी वनपाल पवन कुमार के नेतृत्व में वनरक्षी तेयोफील बाड़ा, राजीव रंजन, सुबोध सोनी और कुंदा थाना पुलिस बल के सहयोग से यह अभियान किया गया।

## विद्यालय में बन रहे भोजन का किया निरीक्षण



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा में स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी के नेतृत्व में शनिवार को विद्यालय में बन रहे मध्याह्न भोजन की औचित निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर मुखिया सत्यवंती देवी पूरी तरह से संतुष्ट होने पर बताया कि इस विद्यालय में विगत 10 वर्षों से प्रधानाध्यापक रवीश कुमार और रसोईया मीना देवी, पारो देवी, आशा देवी, राजो देवी, शांति देवी, सुमित्रा देवी और सुनीला देवी के सहयोग से छात्र-छात्राओं के लिए पूरी तरह से पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन तथा नाश्ता उपलब्ध कराया जाता रहा है। ताकि बच्चे पूरी तरह से स्वस्थ रहकर अपना पठन-पाठन सुचारू रूप से कर सकें। उन्होंने कहा की बच्चों का शत प्रतिशत मानसिक और शारीरिक विकास के लिए पौष्टिक भोजन जरूरी है। बताया गया की प्रतिदिन विद्यालय में बच्चों को को अलग-अलग भोजन दिया जाता है। वर्तमान में ठंड को देखते हुए छात्रों को गुड और मडुवा से बने लड्डू का सेवन निरंतर करवाया जा रहा है। निरीक्षण में मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, वार्ड सदस्य रेणुका देवी, नीतू सिंहा, शहजाद हुसैन, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष ज्योति लकड़ा, सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब की अध्यक्ष शेरोफेना एक्का आदि शामिल थीं।

## पतरातू में कलश यात्रा का किया गया आयोजन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातू बस्ती में अयोध्या से आये पूजित अक्षत का घर-घर वितरण करने को लेकर शनिवार को पतरातू बस्ती से कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें करीब 400 से अधिक महिलाएं अपने-अपने कलश को लेकर शामिल हुई। पतरातू बस्ती से महिला और पुरुषों के द्वारा नलकारी नदी पहुंचे और जल भरकर पतरातू बस्ती के सैकड़ों घरों में अक्षत पहुंच कर 22 जनवरी को श्री राम विग्रह प्राण प्रतिष्ठा के समय अयोध्या चलने का निमंत्रण दिया गया। इस दौरान आचार्य दिवाकर मिश्रा, कुलदीप पाठक आदि के द्वारा वैदिक मंत्रों का सस्वर पाठ किया जाता रहा। इस मौके पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा के महासचिव निशि पांडे शामिल होकर कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से पूरे पतरातू का वातावरण राममय हो गया है। उन्होंने सबसे अनुरोध किया कि इस प्रकार का वातावरण बना रहना चाहिए ताकि लोगों में राम के विचार और कर्म के अनुसार समाज में समरसत्ता बनी रही। मौके पर अवधेश सिंह रोहित सिंह कपिल सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पुरुष और महिलाएं शामिल थे।

## तीन टन स्क्रैप लदा टेंपो जब्त, चालक गिरफ्तार

**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू पुलिस ने शनिवार को संध्या चार बजे के करीब पुंडी हेसागढ़ा मार्ग पर स्क्रैप लोहा लदा टेंपो को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार चालक अरुण कुमार पिता लाल बाबू साहनी सीतामढ़ी निवासी को जेल भेज दिया, और स्क्रैप लदा टेंपो संख्या जेएच 02एडी/ 3693 को थाना परिसर लाया। पुलिस के इस कार्रवाई से लोहा चोरों में हड़कंप व्याप्त हैं।

### हेलो किड्स रॉबिनहुड के प्रथम वार्षिकोत्सव पर बच्चों ने बांधा समा

# शिक्षा के साथ प्रतियोगिता के लिए गाइड कर रही है हेलो किड्स स्कूल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** हेलो किड्स रॉबिनहुड स्कूल के प्रथम वार्षिकोत्सव पर स्कूल के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने अपनी अपनी कला पेशकर समा बांध दिया। समारोह में उपस्थित अतिथि और अभिभावक बच्चों के कर्तव्य देख अवाक रह गये। शनिवार को हेलो किड्स रॉबिनहुड स्कूल के प्रथम वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसपी पीयूष पांडे, विशिष्ट अतिथि सीआइडी एसपी निधि द्विवेदी, डीएसइ संजीत कुमार, जन सूचना पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, स्कूल की निदेशक वर्षा अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर औश्र गणेश वंदना के साथ किया गया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर स्कूल की ओर से बुके देकर स्वागत किया गया। समारोह के दौरान स्कूल की निदेशक वर्षा अग्रवाल ने अतिथियों को मोमेंटो औरबशॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। मौके पर समारोह को संबोधित करते हुए एसपीएस पांडे ने कहा कि हेलो किड्स रॉबिनहुड बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ बेहतर ढंग से गाइड कर रही है जो बच्चों के भविष्य के लिए अच्छी है। उन्होंने स्कूल के प्रथम वार्षिकोत्सव पर स्कूल निदेशक और शिक्षक शिक्षिकाओं को ढेर सारी बधाई दी।

**बच्चों ने नाटक की अनिरुद्ध और संगीत से लोगों का मनोरंजन किया:** समारोह के दौरान स्कूल की तृषा जैन ने नारी सशक्तिकरण के विषय पर प्रकाश डाला। वहीं रुद्रांश मिश्रा को हेलो किड्स का जूनियर कौटिल्या कहा गया, जो ज्ञान से परिपूर्ण है। बच्चों ने नाटक भी प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने मोबाइल से हो रहे हानिकारक प्रभाव पर दृष्ट डाला।

**ये थे उपस्थित:** समाजसेवी कमल बगड़िया, डॉ शरद जैन, डॉ सौम्या जैन, विजय मेवाड़, अरविंद गोयल, विकास बंसल, दिनेश खंडेलवाल, अंकित जैन सहित कई लोग मौजूद थे।



### वेलकम डांस के साथ बच्चों ने बांधा समा

समारोह में सर्व प्रथम स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने वेलकम डांस प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इस दौरान बच्चों ने अपने नृत्य के माध्यम से विलुप्त हो रहे जानवरों को बचाने की सीख दी, वहीं कुछ बच्चों ने राजस्थान की संस्कृति और कला को अपने नृत्य द्वारा प्रस्तुत किया। जबकि, छोटी-छोटी बच्चियों ने अपने नृत्य में पिता कर संबोधित करते हुए पिता और बच्ची के प्रेम को दशार्या, जिसे देख अभिभावक मंत्रमुग्ध हो गये।

### निदेशक ने दिया बच्चों को संदेश

कार्यक्रम के दौरान स्कूल के निदेशक वर्षा अग्रवाल ने कहा कि यह स्कूल बच्चों के लिए एक बेहतर माहौल देता है। पूरी लगन व मेहनत के साथ बच्चों को समय दिया जाता है। जल्द ही राज्य में कई ब्रांच खुलेंगे। जल्द ही स्कूल में प्रथम और द्वितीय वर्ग की शुरूआत होने जा रही है। हेलो किड्स रॉबिन हुड शैक्षणिक तौर पर ही नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का भी ध्यान रखता है। बच्चों में छुपी प्रतिभा को तराशने की पूरी कोशिश की जाती है।

# ओपी जिंदल स्कूल में वार्षिक दिवस 'अभ्युदय-2024' का आयोजन

> यह आयोजन विद्यार्थियों को एक-दूसरे के साथ जुड़ने और अपनी क्षमता को समृद्ध करने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान करता है।

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुरकुंड।** ओपी जिंदल स्कूल पतरातू में उत्तरोत्तर शैक्षिक सांस्कृतिक और सामाजिक उन्नति का विश्वास और लक्ष्य लेकर शनिवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 17वां वार्षिकोत्सव अभ्युदय-2024 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जेएसपीएल के प्लांट हेड आशीष जैन, जिंदल महिला क्लब की चेयरपर्सन विनीता जैन ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उनके तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय की छात्राओं ने मुख्य अतिथि आशीष जैन तथा अन्य आगंतुक अतिथियों-जेएसपीएल के अधिकारियों आदि को पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया। विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने विद्यालय की वर्ष भर की उपलब्धियों और क्रिया-कलापों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। यह आयोजन विद्यार्थियों को एक-दूसरे के साथ जुड़ने और अपनी क्षमता को समृद्ध करने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर जेएसपीएल के प्लांट हेड आशीष जैन ने कहा कि वार्षिकोत्सव किसी भी विद्यालय का आईना होता है। मौके पर विद्यालय में आयोजित अंतर्सदनीय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत इंटर हाउस क्विज कंपटीशन, इंटर हाउस बॉयज एंड गर्ल मिनी मैराथन (रन फॉर फ्यूचर), इंटर हाउस इंग्लिश स्टोरी नरेशन कंपटीशन, इंटर हाउस हिंदी रेसिटेशन कंपटीशन के लगभग 75 प्रतिभागियों तथा टॉपरों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्र प्रथम, सर्वदा प्रथम के विचार से ओतप्रोत कार्यक्रम बने आकर्षण का केंद राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 17वां अभ्युदय- 2024 के भव्य आयोजन के अवसर पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम का आरंभ स्वागत गीत व गणेश वंदना से किया गया। युवा दिवस के अवसर पर विवेकानंद के जीवन पर आधारित नाटक शिकागो में शंखनाद का मंचन भी किया गया। विद्यालय के वार्षिक दिवस समारोह के समस्त कार्यक्रम को अभिभावकों व दर्शकों ने खूब सराहा।

# गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश उत्सव के तीसरे दिन निकाली प्रभातफेरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** श्री गुरु गोविंद सिंह साहब जी के प्रकाश पर्व मनाने को लेकर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में प्रभातफेरी निकाली जा रही है। प्रभातफेरी के तीसरे दिन शनिवार को मेन रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब से आरंभ हो कर किला मंदिर, लोहार टोला, चट्टी बाजार, वैष्णो देवी मंदिर की गली से होते हुए गुरुद्वारा साहिब पहुंची। प्रभात फेरी नर्सरी स्कूल की प्रबंधक कमेटी के द्वारा रखी गई। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गगन कौर जग्गी ने पिंकी गांधी को सरोपा देकर सम्मानित किया। प्रभातफेरी के दौरान संगत पियो पावल खंडेदार हुए जन्म सोहेला, निर्मल रसना अमीर पियो सदा सुहेले घर ले जियो, गोबिंद मिलन की एह तेरी बरिया, हम ऐसे तू ऐसा माधो हम ऐसे तू ऐसा आदि गुरुवाणी पेश किया। निशान साहेब की सेवा कुजू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार रामदयाल सिंह चोपड़ा कर रहे थे। प्रभात फेरी में गुरूद्वारा के मीत प्रधान सरदार अमरजीत सिंह सैनी, रघुबीर सिंह छाबड़ा, जोगेंद्र सिंह जग्गी, राजा कालरा, तेजिंदर सिंह सोनी, पपिंदर सिंह खंबे, त्रिलोचन सिंह जस्सल, हरजीत सिंह, इकबाल सिंह, कमल जस्सल, जसमीत कौर सोनी, सूमी जोली, गुरबख्श सैनी, मनमोहन सिंह लांबा, गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी गुरजीत सिंह, बबल छाबड़ा, सतपाल सिंह सलूजा बिट्टू लांबा, सुरजीत सिंह छाबड़ा, कवल जीत सिंह लांबा, नवलजीत कौर मल्होत्रा, लवली लांबा, बलविंदर कौर आदि उपस्थित थे।

### वन अधिकारियों ने एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा में की समीक्षा बैठक

# मगध-आम्रपाली खदानों का निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन बल प्रमुख झारखंड संजय श्रीवास्तव ने चतरा, हजारीबाग के वन अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने टंडवा आधौगिक क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा करने के लिए एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा का दौरा शनिवार को किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पीसीसीएफ झारखंड संजय श्रीवास्तव, आरसीसीएफ, हजारीबाग सतीश चंद्र राय, और सीएफ, सरोज भाई पटेल हजारीबाग कर रहे थे। प्रतिनिधि मंडल को अधिकारियों ने भविष्य स्वागत किया। इस अवसर पर नॉर्थ कर्णपुरा में विकास का आकलन करने के अलावा, अधिकारियों ने मगध और आम्रपाली खदानों का भी निरीक्षण किया, जो रणनीतिक रूप से एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा के निकट स्थित हैं। इस यात्रा का उद्देश्य खनन परियोजनाओं से जुड़ी परिचालन जटिलताओं और पर्यावरणीय विचारों की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करना था। इस दौरे के दौरान एनटीपीसी एचओपी स्वप्नेंदु कुमार पांडा, मगध-संघमित्रा जीएम नृपेंद्र नाथ, आम्रपाली-चंद्रगुप्त जीएम अमरेश कुमार सिंह, परियोजनाओं के एचआर, डीजीएम और दस डीएफओ, आरएफओ मौजूद थे।

### वन और पर्यावरण की नीति नियम में बदलाव

टंडवा प्रखंड में नयी-नयी कोल परियोजना के गतिविधियो में तेजी लाने के लिये पाइप लाइन मोड़ पर है। चंद्रगुप्त परियोजना, संघमित्रा परियोजना है। इन परियोजनाओं को खोलने के लिये वन विभाग के क्षेत्र से कई अड़चनों से संघर्ष कर रही है। वही एनटीपीसी पावर प्लांट को मगध से कोयला की आपूर्ति के लिए कन्वेयर निर्माण और पानी की जमा करने वाली रिजर्वायर में बाधाये आ रही थी। इन संबधित विषयो पर पीसीसीएफ झारखंड संजय श्रीवास्तव ने चतरा दक्षिण वन प्रक्षेत्र और हजारीबाग पश्चिम वन प्रक्षेत्र के सीमा पर परियोजनाओं को खुलने में आ रही समस्याओं से अवगत हुये और उन्होंने अधिकारियों को संबोधित किया। बताया की वन और पर्यावरण के नीति नियम का बदलाव हुये है। इसके बारे में उन्होंने पीपीटी के माध्यम से अधिकारियों को अवगत कराया गया। इसमें वन और पर्यावरण विभाग से कैसे अनापत्ति लेनी इस पर गहन चर्चा किया गया। आम्रपाली, चंद्रगुप्त और मगध, संघमित्रा, एनटीपीसी की कोल परियोजनाओं में पकरि



बरवाडीह, चट्टी बरियातू, केरेडारी कोल प्रॉजेक्ट क्षेत्र में लंबित वन और पर्यावरण के प्रस्तावों पर बात हुई। वही पीसीसीएफ श्रीवास्तव ने कई दिशा-निर्देश दिया ताकि निकट आने वाले समय में परियोजनाओं को विस्तार होने सहायक सिद्ध हो सके। इस समीक्षा बैठक होने से एनटीपीसी के अधिकारिओ सीसीएल के अधिकारियों को बड़ी लंबी लकीर खिंचने में सहायक सिद्ध होगा बताया गया।

## शांति निकेतन विद्यालय के बच्चों को दी गयी विदाई



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** शांति निकेतन विद्यालय उरीमारी बघरैया में 2023-2024 में वर्ग दशम के मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने वाले 60 छात्र-छात्राओं को उपहार देकर विदाई दी गयी। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित की गयी। विदाई समारोह में निदेशक नरेश करमाली ने कहा कि विद्यार्थी का मैट्रिक परीक्षा ही जिंदगी का पहला पड़ाव होता है इस पड़ाव को अच्छे अंकों से अगर पार करते हैं। तो सफलता के सारे रास्ते सुनिश्चित हो जायेंगे। प्रधानाध्यापक-दिनेश करमाली ने कहा कि अनुशासन ही देश को महान बनता है। मौके पर निदेशक-नरेश करमाली, प्रधानाध्यापक-दिनेश करमाली, शिक्षक रंजीत करमाली, राजेंद्र राम, पिंटू कुमार, बिनोद मांझी, सुशील कुमार, अंजली कुमारी, अर्चना कुमारी, सुरज कुमार, पूनम सरोज किण्डो, संगीता कुमारी, सेवामुनी टुडू, सोनी कुमारी, पुनम भारती, विधार्थी सुमन हांसदा, राजू बेसरा, विजय बास्के, विकास करमाली सचिन मुर्मू, वर्षा कुमारी, नेहा मुर्मू, दिनेश मांझी, महेंद्र प्रजापति, खुश्बू कुमारी, प्रभात बेसरा, शिल्पा सोरेन,अनु कुमारी राणा,श्रवण कुमार, नरगिस कुमारी, केशव मुण्डा, कृति मुर्मू, सुजल कुमार, मनोज गिरी, कुमकुम कुमारी, राहुल हेम्ब्रोम, विकास उरांव, सोनी कुमारी, जय किस्कू, अंजू कुमारी, बबीता सोरेन, रोहित हांसदा सुमित भोक्ता, ओमप्रकाश बेदिया, साहिल कुमार, अमन सोरेन, मोनो कुमारी, निर्भय बहादुर, चंदन बेसरा, पूजा कुमारी और तामरीन खान मौजूद थे।

## सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर ने बांटे कंबल



**कुजू (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के मांडू प्रखंड सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति ने मुरपा स्थित आवासीय कार्यालय में जरूरतमंदों के बीच कंबल और खाद्य सामग्री का वितरण किया। इस दौरान जगेश्वर प्रजापति ने बताया कि सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा क्षेत्र के जरूरतमंदों के बीच बढ़ती ठंड को देखते हुए मिले कंबल का वितरण किया है। जो सराहनीय कार्य है। इससे गरीबों के बीच थोड़ी बहुत राहत मिलेगी। वही, सांसद प्रतिनिधि ने अपने मद से मकर संक्रांति पर्व के मौके पर आसपास के 51 गरीब असहाय लोगों के बीच चूड़ा, तिलकुट और चीनी का वितरित किया। कहा कि गरीबों की सेवा करना हम सभी का दायित्व है। संपन्न परिवार गरीबों को आगे सहयोग करे। जिससे उनको मदद मिल सके। वितरण कार्यक्रम के मौके पर सुखदेव सोनी, जागो महतो, जगदीश महतो, छोटन प्रजापति समेत कई महिला-पुरुष शामिल रहे।

## नीतीश जोहार जनसभा में शामिल हों सभी रामगढ़वासी: खीरु महतो



**कुजू (आजाद सिपाही)।** आगामी तीन फरवरी को रामगढ़ में बिहार सीएम नीतीश कुमार के आगमन पर आयोजित नीतीश जोहार सभा कार्यक्रम को लेकर जदयू प्रदेश कार्यसमिति की तैयारी बैठक मुरपा में हुई। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू और संचालन प्रदेश महासचिव जगदीश महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो, विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम समन्यवक मधुकर सिंह मौजूद रहे। बैठक में आगामी 3 फरवरी को रामगढ़ स्थित सिद्धू कान्हू मैदान में आयोजित नीतीश जोहार सभा को सफल बनाने को लेकर व्यापक रूप से आपस में विचार विमर्श समेत कई बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। साथ ही, खीरु महतो ने अपने संबोधन में मौजूद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बढ़-चढ़कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। वही, जन जागरण व्यापक प्रचार प्रसार और जगह-जगह तोरण द्वार लगाने का दिशा निर्देश दिया। उन्होंने रामगढ़ वासियों से लाखों की संख्या में सीएम नीतीश कुमार की जोहार सभा में शामिल होने की अपील किया है। मौके पर कुमेश्वर महतो, श्रवण कुमार, अख्तर हुसैन, बीरेंद्र पासवान, दुष्यन्त पटेल, संजय कुमार सिंह, राजू महतो, मिथिलेश सिंह, भूषण उरांव, मनोज राय, राधेश्याम महतो, अकबर अंसारी, रमाकांत पटेल, रोशन लाल महतो समेत कई जदयू नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

## महाप्रबंधक और श्रमिक संगठनों की बैठक



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के महाप्रबंधक सभागार कक्ष में नव वर्ष के आगमन पर केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना में कार्यरत सभी श्रमिक संगठन के अध्यक्ष और सचिव के साथ परिचयात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान सर्वप्रथम महाप्रबंधक सुबोध कुमार ने उपस्थित सभी संगठनों के पदाधिकारी और कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ नये वर्ष की अनेकानेक शुभकामनाएं दी। बैठक के दौरान महाप्रबंधक सुबोध कुमार ने श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ मुख्य मुख्य बिंदुओं पर क्रमवार चर्चा की, जिसमें केंद्रीय कर्मचारियों में कार्यरत सभी मशीन के सब असेंबली मरम्मत के साथ सिम्युलेटर के माध्यम से ऑपरेटर को ट्रेनिंग दिये जाने से संबंधित कार्यकलापों का पीपीटी के माध्यम से सभी को जानकारी दी गयी। केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना की कार्य पद्धति सुधार हेतु सुझाव मांगे गये, जिसमें सभी श्रमिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रमिक प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये सुझाव पर महाप्रबंधक ने जल्द से जल्द लागू करने का आश्वासन दिया।जनवरी माह में आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रम गणतंत्र दिवस, सुरक्षा आयोजन ओर 25 जनवरी को आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने हेतु अनुरोध किया गया। मौके पर अधिकारी के विश्वास, एसके सिंह, दिनेश प्रसाद, शफीक, डॉ बिलकिस, विक्की कुमार, सीके सहारे, आलोक सिंह, श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि अमरनाथ मिश्रा, प्रदीप धर, ललित नारायण, एस एन ए जाफरी, रमेश सिंह, महाकान्त मिश्रा, सुशील कुमार, रतन कुमार, हामिद अंसारी, शिवसागर सिंह, हरिरत्नम साहू, एसके सिंह, राम शब्द राम, प्रदीप राम, धीरेंद्र, संतोष कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## अयोध्या से आये अक्षत का हुआ वितरण

**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडूचट्टी शिव मंदिर के परिसर से शनिवार को अयोध्या से आये हुए अक्षत और निमंत्रण पत्र का वितरण घर-घर जाकर किया गया। जिसमें आह्वान किया गया कि 22 तारीख को प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में हो रही है। इस अवसर में आप अपने अपने स्थानीय मंदिर और घरों में दीप जलाकर दिवाली का उत्सव मनायेंगे। कार्यक्रम में अमरेंद्र कुमार गुप्ता, बालेश्वर पांडेय, विपिन कुमार गुप्ता, पंकज मोदी, अरुण सिन्हा, रेनू गुप्ता, मालती देवी, रीता अग्रहरि, नीतू कुमारी, अनीता देवी, सिल्की कुमारी, फ्रूटी कुमारी ने टोली बनाकर भ्रमण किया।

# प्रेमी जोड़े ने कुआं में कूदकर दी जान

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** थाना क्षेत्र के डुको पीपर टोली में दो नाबालिक प्रेमी जोड़ी का शव गांव के ही कुआं से शनिवार को बरामद किया गया। गांव के ही 16 वर्षीय प्रेमी मुकेश गोप व प्रेमिका 16 वर्षीय प्रतिमा कुमारी का शव बरामद किया गया है। मृतक मुकेश के पिता बालमोहन गोपन बताया कि उसका दो मकान है माता-पिता एक मकान पर रहते है। रात में सोने के लिए सभी भाई दूसरे मकान में जाते है। शुक्रवार की रात भी सभी भाइयों ने खाना खाकर दूसरे मकान में सोने के लिए चले गये पर मुकेश नहीं पहुंचा। रात में काफी खोजबीन किया गया कोई पता नहीं चला वही प्रतिमा के पिता रंथू उरांव ने बताया कि उसकी बेटी लगभग 8 बजे रात में घर से निकली थी। जिसके बाद से वह लौटकर नहीं आयी। उसने भी रात में खोजबीन किया प्रतिमा के मोबाइल पर फोन लगाया पर प्रतिमा ने फोन रिसीव नहीं किया। शनिवार की सुबह प्रतिमा के घर से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित कुएं में जब एक किसान सिचाई करने के लिए गया तो कुएं में तैरता हुआ शव देखा है इसके बाद इसकी सूचना पूरे गांव में फैल गयी। शव को बाहर निकाला गया तो पता चला कि उक्त शव मुकेश व प्रतिमा का ही है। जिसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गयी घाघरा थाना से एएसआइ रामनाथ टुडू घटनास्थल पहुंच शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि दोनों में पिछले तीन वर्षों से प्रेम प्रसंग था वर्तमान में युवती दो माह की गर्भवती भी थी। इसके बाद से उन लोगों का शव कुएं से बरामद किया गया है।

### हत्या की आशंका

शव को देखने से हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है क्योंकि ग्रामीणों ने बताया कि दोनों तैरने के लिए जानते थे और दोनों का हाथ व पैर खुला था ऐसे में दोनों का कुएं से शव बरामद होना सबको संसय में डाल दिया है। इन सभी बातों को गहराई से देखने के बाद हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है।

### थानेदार ने कहा

थानेदार अमित कुमार चौधरी ने बताया कि सूचना मिली थी कि कुआं में युवक-युवती का शव मिला है। जिसके बाद घटनास्थल पर जाकर शव को बरामद कर लिया गया है पूछताछ में पता चला है कि दोनों बाहर काम करने के लिए गये थे और लंबे समय से दोनों का प्रेम प्रसंग चल रहा था। अभी तक के जांच में यह प्रतीत हो रहा है कि दोनों ने आत्महत्या किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर डीएवी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू एवं विज्ञान शिक्षकों ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता एवं नवीन आविष्कार पैदा करते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित एवं प्रेरित करना तथा जनसाधारण को विज्ञान तथा वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग करना था। विद्यार्थियों ने हिमो डायलिसिस, एनीमोमीटर, टेस्ला कोइल, स्मार्ट होम, वॉइस कंट्रोल, लाईफाई, स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक जैसे कई विषयों पर एक से बढ़कर एक प्रदर्श बनाये। ग्रुप ए में समृद्धि साबु एवं ख्याति मंत्री ने प्रथम, शिव शंकर सारंगी एवं आशुतोष कुमार आर्या ने द्वितीय तथा अथर्व, वारिस एवं अभिषेक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप बी में श्रुति मालानी एवं आरवी मालानी ने प्रथम, नील, अनुराग एवं दिव्यांश ने द्वितीय तथा खुशी रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर पी के झा, ज्ञानप्रताप, आलोक राणा, सुधा कुमारी, रंथु साहू, चंद्रकांत पांडेय, सुधांशु देवघरिया, मनोज समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### स्कूल में किये गये कई आयोजन



# पतंग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड के कई विद्यालयों में मकर संक्रांति के पूर्व पतंग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। इस क्रम में भास्कर एजुकेशनल एकेडमी, मोंटेसरी पैराडाइज एकेडमी जग बगीचा, सरस्वती शिशु मंदिर नवडीहा विद्यालयों में हर्ष और उमंग के साथ मकर संक्रांति पर्व के पूर्व पतंग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के कई बच्चों ने पतंग उत्सव प्रतियोगिता में भाग लिया इस क्रम में मोंटेसरी पैराडाइज एकेडमी में प्रथम स्थान पर अनिल भगत, द्वितीय स्थान पर अंशु उरांव, तृतीय स्थान पर विनम्र उरांव रहे। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भास्कर एजुकेशनल एकेडमी के निदेशक सह प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर ने कहा कि हिंदू धर्म के अनुसार इस दिन सूर्य धनु राशि छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करता है। इसलिए इस दिन को मकर संक्रांति के रूप में मनाया जाता है। वही मोंटेसरी पैराडाइज एकेडमी के निदेशक संजय भगत ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व आपस में मिलजुल कर मनाएं बच्चों के बीच पतंग उत्सव होने से बच्चों में एक नया ऊर्जा का संचार बढ़ता है। मौके पर उपस्थित शिक्षकों में शिवम मिश्रा, सिद्धार्थ दीक्षित, रुचिका कुमारी, निशा कुमारी, सोनी कुमारी, सारिका साहू, किरण कुमारी, संध्या कच्छप, प्रियंका कुमारी, सुभद्रा देवी, फुलेश्वरी सिंह, सपना कुमारी सहित कई शिक्षक-शिक्षिका व छात्र-छात्र उपस्थित थे।

# श्री रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होगा




आजाद सिपाही संवाददाता

**भरनो।** प्रखंड क्षेत्र के करौन्दाजोर गांव में तीन दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा इसकी जानकारी देते हुए बताया गया कि करौन्दाजोर गांव के महादेव टंगरा में जगतगुरु वनांचल धर्म पीठाधीश्वर स्वामी दीनदयाल जी महाराज, काशी के सानिध्य में 15 जनवरी सुबह सात बजे जल यात्रा सह शोभा यात्रा के साथ तीन दिवसीय महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा की शुरूआत होगी। प्रतिष्ठा संस्कार 16 जनवरी को और प्राण प्रतिष्ठा एवं भंडारा का आयोजन 17 जनवरी किया जायेगा। आयोजन समिति ने सभी धमार्नुरागी सज्जनवृन्दों से यज्ञ सहित सभी अनुष्ठानों में शामिल होने की अपील की है।

# पेंशनर समाज सिसई की बैठक

**सिसई (आजाद सिपाही)।** पेंशनर समाज सिसई की शनिवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बंधु साहु ने की। बैठक में पेंशनर की समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। इस दौरान अध्यक्ष द्वारा जिला स्तरीय पेंशनर्स समाज के लिए निर्णय की जानकारी दी गयी। वहीं प्रखंड स्तर पर छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिए संचालित वीर शहीद तेलेंगा खड़िया पुस्तकालय में सभी सदस्यों द्वारा पांच-पांच सौ रुपये का सहयोग राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संरक्षक सह पुर्व शिक्षक पितांबर झा, पुर्व शिक्षिका निलीमा देवी, उपाध्यक्ष रविन्द्र नाथ अधिकारी, सलमान अंसारी, कोषाध्यक्ष रंथू साहु, काशीनाथ साहु, महावीर साहु, कान्हु उरांव, छेदी साहु, कुलवंत साहु, कोरोलिना एक्का सहित कुल 35 पेंशनर सदस्य उपस्थित थे।

# बाइक की टक्कर से व्यक्ति घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोकरो हुडकू टोली निवासी 45 वर्षीय सिलबानुस एकका करंज टोली के समीप अज्ञात बाइक के टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद उसे उप स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार कर उसे गुमला रेफर कर दिया गया। घटना के बारे में घायल की पत्नी ने बताया हम लोग दोनों पति पत्नी लोहरदगा से भैंस खरीद कर उसे हांकते हुए घाघरा अपने घर लौट रहे थे तभी करंज टोली के समीप एक अज्ञात बाइक चालक पीछे से मेरे पति को जोरदार टक्कर मार दिया। वही वह घटनास्थल से फरार भी हो गया। घटना में व्यक्ति को सर व पैर में चोट लगी है। वही वह बेहोशी की हालत में है। सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया।

# खड़े ट्रक में बाइक सवार ने मारी टक्कर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरा पुल के समीप खड़े ट्रक को बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में चेटर निवासी 24 वर्षीय अमित रोशन लकड़ा और दलमादी कोनवीर निवासी 19 वर्षीय अंकित टेटे घायल हो गये। वहीं पालकोट थाना की पेट्रोलिंग पुलिस दोनों घायलों को अपने वाहन से सदर अस्पताल गुमला पहुंचाई। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार दो बाइक में चार युवक गुमला से दलमादी कोनवीर बाइक से जा रहे थे। एक बाइक चालक आगे आगे चल रहा था। वहीं पीछे चल रहे बाइक में सवार दो युवक सेमरा पुल के समीप खड़ी ट्रक को जोरदार टक्कर मार दिया। वहीं घटना में अमित का एक हाथ टूट गया और उसके आंख के पास चोट लगी है। जबकि अंकित को शरीर के कई हिस्से में चोट लगी है।

# केंद्रीय महिला सम्मेलन की तैयारी बैठक 16 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़ी महिला मंडल सहयोग संचालन समिति गुमला जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक 16 जनवरी को गुमला में अयोजित की जायेगी। यह अयोजन दिन के 11 बजे से शुरू होगा। विदित हो कि 8 मार्च महिला दिवस के अवसर पर रांची में होनेवाली महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की केंद्रीय महिला सम्मेलन की तैयारी को लेकर झारखंड के कई जिलों में बैठक की जा रही है। जिसके तहत गुमला जिला में बैठक कर 8 मार्च 2024 को केंद्रीय महिला सम्मेलन में गुमला जिला से भी हजारों की संख्या में महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 16 जनवरी को जिला स्तरीय बैठक बुलाई गयी है। केंद्रीय महिला सम्मेलन में महिला व स्कूली बच्चों की इज्जत व जान की सुरक्षा की गारंटी देने, नशाबंदी, राज्य में गठित सभी महिला मंडल को सरकारी मान्यता देने, महिलाओं को रोजगार देने, महिला सशक्तिकरण के नाम पर राज्य में विभिन्न संस्थाओं द्वारा मची लूट को रोकने, महिला मंडल को दिया गया सभी तरह का लोन माफ करने, क्षेत्रीय महिला सहायता बैंक खोलकर स्वरोजगार व व्यवसाय के लिए आर्थिक सहायता महिलाओं को देने, प्रत्येक महिला सदस्यों को कम से कम 25-25 हजार रुपये आर्थिक अनुदान देने जैसी मांगों को पूर्ण करने के लिए बड़ी निर्णय की जायेगी। बैठक में गुमला जिला के सभी प्रखंड प्रभारी को आमंत्रित की गयी है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में बाल मेला का हुआ आयोजन

# शिक्षा के साथ व्यापार की जानकारी बच्चों के लिए जरूरी: राजीव

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को बाल मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंजरी महिला क्लब की अध्यक्ष श्रीमती निभा झा और स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा मौजूद थे। स्कूल में अतिथियों के आगमन पर बच्चों के द्वारा तिलक लगाकर एवं पारंपरिक नृत्य पेश कर जोरदार स्वागत किया गया। जिसके बाद अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर बाल मेला का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने कहा कि इस प्रकार के मेले का आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्कूल के माध्यम से बच्चों मे व्यापार करने के तरीके की जानकारी प्राप्त करना, बच्चों को व्यापार में लाभ और हानि के नुकसान की जानकारी देना, बच्चों के मिलजुल कर काम करना और आपसी तालमेल को बढ़ावा देना इसका मुख्य उद्देश्य है। इस बाल मेला में स्कूल के बच्चों के द्वारा कुल 24 स्टाल लगाये गये थे। जिसमें मुख्य रूप से चाट, गुपचुप, इडली, गेम्स लिट्टी चोखा, पानी पुरी सहित कई प्रकार के खाने पीने के व्यंजनो का स्टॉल लगाया था। स्टॉल लगाने के दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान बच्चों के साथ शामिल हुए अभिभावकों ने सभी स्टालों का भ्रमण कर स्वादिष्ट और लजीज व्यंजन का आनंद उठाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के बच्चों के अलावे शिक्षकों का अहम योगदान रहा। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक बच्चे और अभिभावक मौजूद थे।



# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों का किया गया स्वागत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** धनबाद के ऋषिकेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित तृतीय झारखंड स्टेट ओमेंस क्योरुगी एंड पुमसे ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गुमला के बच्चों ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर जिला का नाम रोशन किया। इस निमित विजेता प्रतिभागी शनिवार को गुमला पहुंचे जहां ताइक्वांडो के पदाधिकारियों ने सभी विजेता प्रतिभागियों को टावर चौक में माला पहना कर स्वागत किया। बताते चले कि उक्त प्रतियोगिता 11 जनवरी से 13 जनवरी तक चला। जिसमें प्रतिभागी नव्या नवीन ने गोल्ड मेडल, जयमुनि केरकेट्टा गोल्ड मेडल, सोनाक्षी झा गोल्ड, सीमा कुमारी गोल्ड मेडल, अंजेला कुमारी गोल्ड मेडल, देवमती कुमारी गोल्ड, माधुरी कुमारी गोल्ड, आशी साबू सिल्वर, अंजली कुमारी व विद्यावती कुमारी ब्रांच मेडल पर कब्जा जमाया। मौके पर अखिल कुमार, अर्पिता भट्टाचार्य भट्टाचार्य, नितेश नवीन, शिबू गुप्ता, शिवानी गुप्ता, निशी साबू,रानी झा, अतुल साबू, चंदन कुमार झा, कोच बालमुनी कुमारी अन्य मौजूद थे।

# गणतंत्र दिवस को लेकर अनुमंडल कार्यालय में बैठक



**बसिया (आजाद सिपाही)।** गणतंत्र दिवस को लेकर अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ जयवंती देवगम की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर चर्चा की गयी साथ ही समय का निर्धारण किया गया। वही झंडोत्तोलन को लेकर कई दिशा निर्देश दिए गये। मौके पर प्रमुख जगरानी तिग्गा बीडीओ सुप्रिया भगत सी ओ नरेश मुंडा अरुण कुमार सहित कई विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मकर संक्रांति आज, तिलकुट की हुई जमकर खरीदारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे मकर सक्रान्ति का त्योहार आज मनाया जाएगा,जिसको लेकर कोयलांचल क्षेत्र के बाजारो मे दही, चुड़ा, गुड़ और तिलकुट की जमकर खरीदारी हुई। बचरा चार नंबर चौक, बचरा बाजारटांड़ सहित क्षेत्र के बाजारो मे लगाये गये तिलकुट की दुकानो मे काफी भीड़ देखी गयी। दुकानों मे कई प्रकार के तिलकुट की खरीदारी हुई। बचरा चार नंबर चौक पर तिलकुट विक्रेता ने बताया कि इस वर्ष तिलकुट की बिक्री अच्छी हुई। बाजारो मे खोवा तिलकुट 350-400 रुपये प्रतिकिलो, चीनी तिलकुट 150-250 रुपये प्रतिकिलो, गुड़ तिलकुट 200-250 रुपये प्रतिकिलो, पापड़ी 220 रुपये प्रतिकिलो की दर से बेचा गया। क्षेत्र के बचरा, राय, बमने, बहेरा, कल्याणपुर, बेंती, किचटो, बिलारी सहित अन्य जगहो पर तिलकुट की खरीदारी हुई।

# बुद्धेश्वर उरांव को पुलिस ने जेल भेजा



**सिसई (आजाद सिपाही)।** भरनो थाना क्षेत्र के अताकोरा गांव निवासी बुद्धेश्वर उरांव (20)को सिसई पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। इस बाबत थानेदार मीनकेतन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बुद्धेश्वर के विरुद्ध चाकु के बल पर दुष्कर्म करने,दुष्कर्म का अश्लील फोटो वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने,अप्राकृतिक यौनाचार करने,गर्भपात कराने, छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक युवती द्वारा शुक्रवार को सिसई थाना में केस दर्ज किया गया था। जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर शनिवार को गुमला जेल भेज दिया गया है।

# रोशनलाल चौधरी ने किया पिपरवार का दौरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार ।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान पिपरवार पहुंचने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया, जिसके बाद उन्होंने बचरा बाजारटांड़ स्थित पार्टी कार्यालय मे बैठक की। इस बैठक में आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी पर उन्होंने चर्चा की, साथ ही सभी कार्यकताओं को चुनाव की तैयारी में लग जाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी कार्यकताओं को पार्टी के उद्देश्य और सिद्धांत की जानकारी समस्त जनता के बीच जाकर देने का निर्देश दिया। इस दौरान पिपरवार क्षेत्र के बचरा बस्ती जाकर भाजपा नेता रामप्रसाद महतो की माता के ब्राह्मण भोज में शामिल हुए और शोक संवेदना प्रकट किया।

इस मौके पर आजसु पार्टी के पिपरवार नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह उर्फ विधायक, भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा, रामप्रसाद महतो, गणेश महतो, दिलिप अंबष्ट,उगन महतो, रामलाल महतो, राधा देवी, काशीनाथ महतो, उमेश महतो, अवधेश महतो सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती मनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व मे भाजपा कार्यकर्ताओ ने महान आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गयी। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने श्रद्धेय स्वामी जी के छविचित्र पर श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय के नारे लगाते हुए भावनाएं व्यक्त की और उनके जीवन आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन और संघर्षों को स्मरण करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपनी शिक्षाओं और संदेशों से पूरी दुनिया को जीत लिया। युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके आदर्श विचारों से सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी। स्वामी विवेकानंद केवल देश में ही नहीं पूरे विश्व में अपने ऊंचे विचारों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने युवाओं रित करने का काम किया और इस जन्मदिन को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, राम प्रसाद महतो ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो, दिलीप अंबास्ट, शक्ति केंद्र प्रभारी धनराज भोक्ता, संजय कुमार भोक्ता, अरुण उरांव, नंदकिशोर सोनी, महेश विश्वकर्मा, गणेश विश्वकर्मा, महिला मोर्चा महामंत्री राधा देवी, रीना देवी, रविंद्र कुमार सिंह, युवा मोर्चा रामलाल महतो, बापी तालपत्र सहित कई लोग उपस्थित थे।

# कुआं से कुडलग्गा निवासी अजित का शव बरामद

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थानांतर्गत डोलेंगसेरा गांव स्थित एक कुआं से कुडलग्गा निवासी अजित का शव बरामद किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार लोगो ने सुबह कुआ में एक अज्ञात शव को तैरते देखा तब इसकी सूचना बसिया पुलिस को दिया गया।

सूचना के उपरांत बसिया पुलिस द्वारा घटनास्थल जाकर शव को कुआ से निकालकर पोस्टमार्स्टम हेतु गुमला भेज दिया गया। परिजनों ने बताया कि मृतक मानसिक रूप से बिछिप्त था। एवं मिर्गी रोग से ग्रसित था। पुलिस हत्या और गिरकर मृत्यु होने की जांच में जुटी हुई है।

# कार की टक्कर से पिता-पुत्री घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला रांची नेशनल हाईवे स्थित खोरा भकुआ टोली के समीप एक अज्ञात कार के टक्कर से लाल पंडरिया सिसई निवासी संदीप उरांव और उसकी 6 वर्षीय पुत्री राधिका उरांव गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना में संदीप का पैर को कार बुरी तरह से कुचल दिया। वही उसकी बेटी को भी पैर में काफी चोट लगी। गस्ती पर निकले थाना प्रभारी की नजर सड़क किनारे पड़े दोनों घायलों पर पड़ी। विनोद कुमार दोनों घायलों को अपने वाहन से सदर अस्पताल भेजवाया। जानकारी के अनुसार पिता पुत्री दोनों भलदम चट्टी बाइक से नानी घर जा रहे थे। तभी खोरा भकुआ टोली के समीप सामने से एक अज्ञात कार उन्हें टक्कर मार दिया। वही कार का चक्का संदीप के एक पैर में चढ़ गया। जिससे संदीप का पैर बुरी तरह से कुचल गया। वहीं घटना के बाद कार रांची की ओर फरार हो गया। वहीं सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत संदीप की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया है।

